कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 05.01.2025

विषय:- विभिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी व देशी शराब की खेप (कुल 275 लीटर) के साथ 03 नफर महिला शराब तस्कर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दिनांक 04.01.2025 को लंका पुलिस द्वारा अशोकपुरम कालोनी के पास ओवर ब्रिज से 03 नफर अभियुक्तागण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तागण उपरोक्त के कब्जे से भिन्न-भिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी व देशी शराब कुल 275 लीटर बरामद हुयी जिसके सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः- दिनांक- 04.01.2025 को दौराने गस्त एवं चेकिंग जरिए मुखबिर सूचना मिली कि तीन महिलाएं अशोक पुरम कालोनी के पास ओवर ब्रिज पर आने जाने वाले राहगीरों को शराब बेंच रही हैं। सूचना के आधार पर थाना स्थानीय से महिला पुलिसकर्मियों को तलब करते हुए चेकिंग के दौरान विभिन्न ब्राण्ड की अंग्रेजी व देशी शराब की खेप बरामद हुयी जिसके आधार पर उपरोक्त महिलाओं को महिला पुलिस की सहायता से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्तागण द्वारा पूछताछ में बता रही हैं कि हमारे पास से बरामद पेटियों में विभिन्न ब्राण्ड्स की देशी व अंग्रेजी शराब है जिन्हे हमलोग ग्राहको की मांग के हिसाब से ऊंचे दामों पर बेचते हैं। चूंकि इस रास्ते से बिहार जाने वाले यात्री अधिक संख्या में गुजरते हैं जहाँ शराब बन्दी है। अतः शराब का मन मुताबिक दाम मिल जाता है और मिलने वाले मुनाफे से अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तागण का नाम-पता- 03 नफर अभियुक्तागण।

विवरण बरामदगी-

कुल 20 पेटी देशी शराब(200 ML), 275 पाउँच 8PMअग्रेजी शराब (180 ML), 24 पाउँच B7 अंग्रेजी शराब(375 ML), 50 शीशी ब्लैक बाई बकार्डी (375ML)व 48 शीशी रायल स्टेग अंग्रेजी शराब (375 ML) (कुल देशी एवं अंग्रेजी शराब की मात्रा 275 लीटर।

जामा तलाशी से तीनो अभियुक्तागण से कुल 8800 रूपये बरामद।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 04.01.2025 अशोकपुरम कालोनी के पास ओवर ब्रिज, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> –

1. मु0अ0सं0 0007/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 आशीष चौबे , थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. हे0का0 नीरज राय, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
5. म0का0 रूपम पाण्डेय, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
6. म0का0 दीपिका, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।